# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -25 | जून - I - 2023 | अंक - 05 | माउण्ट आबू | Rs.-12


उद्‌घाटन • ब्रह्माकुमारीज़ में प्रधानमंत्री ने तीन प्रोजेक्ट का शिलान्यास रिमोट से किया, 50 एकड़ में बनेगा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल

# मैं जब भी ब्रह्माकुमारीज़ में आता हूँ तो एक नई आध्यात्मिक अनुभूति होती है : माननीय प्रधानमंत्री मोदी

**पीएम मोदी बोले**

- •• आज ब्रह्माकुमारीज़ जन आंदोलन बन गया है, आपने राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान से मेरे विश्वास को कई गुना कर दिया है
- •• मैं ब्रह्माकुमारी बहनों की निष्ठा व सेवा का साक्षी रहा हूँ
- ■■ प्रधानमंत्री ने किया ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस हॉस्पिटल का शिलान्यास
- •• पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी के स्मृति स्तंभ 'अव्यक्त लोक' में अर्पित की पुष्पांजलि
- ■■ प्रधानमंत्री का ब्र.कु. भाई-बहनों ने किया पुष्पवर्षा कर स्वागत
- •• सम्मेलन में देशभर से 15 हज़ार से अधिक लोग पहुंचे

कार्यक्रम में मंचासीन हैं राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजयोगिनी ब्र.कु. जयंती दीदी व डॉ. प्रताप मिड्ढा।

**इस मौके पर विशाल डायमण्ड हॉल में 15 हज़ार से अधिक लोगों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री ने ब्रह्माकुमारीज़ के तीन प्रोजेक्ट - ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस हॉस्पिटल, ओल्ड एज होम के सेकेंड फेज़ और नर्सिंग कॉलेज के एक्सटेंशन का शिलान्यास रिमोट का बटन दबाकर किया।**

**शांतिवन।** माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय शांतिवन के विशाल डायमण्ड हॉल में उपस्थित सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं जब भी ब्रह्माकुमारीज़ में आता हूँ तो आपके बीच एक नई आध्यात्मिक अनुभूति होती है। परमपिता परमात्मा के आशीर्वाद और दादियों के स्नेह में लगातार वृद्धि होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैंने देश के लिए आपसे जो अपेक्षा की है, उसमें आपने अपने प्रयासों से ज़्यादा कर दिखाया है। मेरे विश्वास को कई गुना कर दिया है। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा सामाजिक कल्याण के लिए कई अभियान चलाए जा रहे हैं। स्वच्छता अभियान में दादी जानकी जी ने स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर के रूप में और बहनों ने कमान संभालकर लोगों को प्रेरित किया है। ब्रह्माकुमारी बहनें स्वास्थ्य जागरुकता से लेकर जल जन अभियान, आज़ादी का अमृत महोत्सव, नशा मुक्त भारत अभियान आदि में प्रेरणास्रोत बनकर सामाजिक कल्याण में जुटी हैं।

### मैं ब्रह्माकुमारी बहनों की निष्ठा व सेवा का साक्षी रहा हूँ

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में हज़ारों वर्षों से गरीब, असहाय और ज़रूरतमंद लोगों की सेवा की कमान आध्यात्मिक संस्थाओं ने संभाली है। मैं गुजरात भूकंप के समय से ब्रह्माकुमारी बहनों की निष्ठा व सेवा का साक्षी रहा हूँ। उस समय बहनों ने जिस सेवा भाव से काम किया वह प्रेरणा देने वाला है। एक संस्था कैसे हर क्षेत्र में एक आंदोलन खड़ा कर सकती है, आपने वह कर दिखाया।

### नैतिक मूल्यों को मज़बूत कर रही संस्था

मोदी ने कहा कि आज़ादी के अमृत काल में सभी सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थाओं की बड़ी भूमिका रही है। इस कर्त्तव्य काल में हम जिस भूमिका में हैं, उसका शत् प्रतिशत् निर्वहन करें। अपने व्यवहार और ज़िम्मेदारियों का विस्तार है। पूरी निष्ठा के साथ हमें ये भी सोचना है कि हम अपने देश के लिए क्या कर सकते हैं। सभी ब्रह्माकुमार-ब्रह्माकुमारी प्रेरणापुंज हैं। ब्रह्माकुमारीज़ एक आध्यात्मिक संस्था के तौर पर समाज में नैतिक मूल्यों को मज़बूत करने और समाज सेवा के कार्य करती रही है। साइंस, हेल्थ व सोशल वर्क के लिए पूरी तरह समर्पित है। माउण्ट आबू स्थित ग्लोबल चैरिटेबल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के माध्यम से गांव-गांव में हेल्थ कैम्प और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जो समाजहित में कार्य है। ऐसे कार्यों में मानवीय प्रयास ज़रूरी हैं। जिस ग्लोबल हॉस्पिटल के निर्माण का संकल्प लिया है, वह स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार का काम करेगा।

- शेष पेज 12 पर...

माननीय प्रधानमंत्री को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित करते हुए राजयोगिनी ब्र.कु. जयंती दीदी।